Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 5:54 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 6:57 बजे



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 210 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरूवार, 13 फरवरी 2025

किंग में नजर आएंगे शाहरुख...पेज-3 पर

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में पेश किया नया आयकर बिल

नई दिल्ली
एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज लोकसभा में नया आयकर बिल 2025 पेश किया। आयकर कानूनों को सरल बनाने के लिए नया कानून बनाने का एलान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक फरवरी 2025 के अपने बजट भाषण में किया था। वित्त मंत्री लोकसभा में बिल पेश करने के बाद अध्यक्ष ओम बिरला से इसे सदन की प्रवर समिति को भेजने का आग्रह किया। आइए इस बारे में और जानें।





केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में आयकर विधेयक, 2025 पेश किया और अध्यक्ष ओम बिरला से इसे सदन की प्रवर समिति को भेजने का आग्रह किया। विपक्षी सदस्यों ने विधेयक को प्रस्तुत करने के दौरान इसका विरोध किया, लेकिन सदन ने इसे प्रस्तुत करने के लिए ध्वनिमत से प्रस्ताव पारित कर दिया। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में आयकर विधेयक, 2025 पेश किया और अध्यक्ष ओम बिरला से इसे सदन की प्रवर समिति को भेजने का आग्रह किया।

विपक्षी सदस्यों ने विधेयक को प्रस्तुत करने के दौरान इसका विरोध किया, लेकिन सदन ने इसे प्रस्तुत करने के लिए ध्वनिमत से प्रस्ताव पारित कर दिया। बहुप्रतीक्षित विधेयक में कर निर्धारण वर्ष और पूर्व वर्ष जैसे शब्दों के स्थान पर कर वर्ष जैसे सरलीकृत शब्द रखे जाएंगे, जो कि आयकर कानून की भाषा को सरल बनाने बनाएगा। इसके साथ ही नए कानून से अनावश्यक प्रावधान और स्पष्टीकरण भी हट जाएंगे। आयकर कानूनों को सरल बनाने के लिए नया कानून बनाने का एलान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक फरवरी 2025 के अपने बजट भाषण में किया था। इस विधेयक को केंद्रीय कैबिनेट की भी मंजूरी मिल चुकी है। लोकसभा में पेश होने वाला नए आयकर विधेयक में 536 धाराएं है। इसमें 23 अध्याय है और यह 622 पन्नों का है। इस विधेयक के पारित होने के बाद नया आयकर कानून अधिक व्यवस्थित और वर्तमान कानून की तुलना में सरल होगा।

## News कॉर्नर

### पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना बुरांश

**नैनीताल।** नैनीताल-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर ताकुला के समीप इन दिनों जंगल में बुरांश खिला हुआ है जो पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। बता दें कि पहाडों में हरे जंगल के बीच खिले बुरांश फूल पहाडों की सुंदरता पर चार चांद लगा देते हैं। इन दिनों नैनीताल के समीप भी ताकुला जंगल क्षेत्र में भी बुरांश के फूल खिले हुए हैं। हरे जंगल के बीच खिले बुरांश इन दिनों लोगों के मन को मोह रहे हैं, वहीं यहां से गुजरने वाले पर्यटक भी यहां रुककर प्रकृति के सुंदर नजारे का लुत्फ उठा रहे हैं साथ ही इस सुंदरता को अपने कैमरों में कैद कर रहे हैं।
मामले में नैनीताल वन प्रभाग के मनोरा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में बुरांश खिल चुका है जिसके चलते कई पक्षी भी आकर्षित हो रहे हैं। बताया कि ताकुला क्षेत्र में बुरांश के फूल व पेडों को फायर सीजन में आग से बचाने के लिए अभी से ही क्षेत्र की सफाई की जा रही है।

### जेईई-मेन में छात्र मयंक बिष्ट का चयन

**नैनीताल ।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा कराए गए (जेईई-मेन) 2025 के परिणाम घोषित होने के बाद नैनीताल के मेधावी छात्र मयंक बिष्ट का चयन हुआ है। बता दें कि मयंक बिष्ट नगर के प्रतिष्ठित सेंट जोसफ कॉलेज में अध्ययनरत हैं जबकि मयंक के पिता सुरेन्द्र सिंह बिष्ट क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी के पद पर नैनीताल में ही तैनात हैं वहीं माता लता बिष्ट गृहणी हैं। मयंक का बड़ा भाई चित्रांशु बिष्ट कम्प्यूटर साइंस से बी टेक करने के बाद वर्तमान में बेंगलूर में जापान की कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मंयक के पिता सुरेंद्र सिंह बिष्ट के मुताबिक इस महत्वपूर्ण परीक्षा को उत्तीर्ण करने के बाद मयंक का चयन आईआईआईटी और एनआईटी जैसे संस्थानों में हो सकता है। मयंक ने परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए कोई कोचिंग का भी सहारा नहीं लिया। इस बीच मयंक को मिली इस कामयाबी पर घर में खुशी का माहौल है।

तैयारियों का लिया जायजा; समापन समारोह कल

## गृहमंत्री के आने से पहले सीएम ने किया निरीक्षण

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान सीएम धामी ने फेंसिंग के विजेता खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किए। 14 फरवरी को समापन समारोह में गृहमंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि रहेंगे।

38वें राष्ट्रीय खेल कराने की उपलब्धि और अब 14 फरवरी को समापन समारोह में गृहमंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि। इसी कारण सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान सीएम धामी ने फेंसिंग के विजेता खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किए। इस दौरान खेल मंत्री रेखा आर्या भी मौजूद रही। शुक्रवार को होने वाले समापन समारोह की तैयारी के चलते कलाकार श्वेता माहरा ने भी साथियों के साथ रिहर्सल किया। 38वें राष्ट्रीय खेल कराने की उपलब्धि और अब 14 फरवरी को समापन समारोह में गृहमंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि। इसी कारण सुरक्षा और व्यवस्थाओं को



लेकर बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान सीएम धामी ने फेंसिंग के विजेता खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किए। इस दौरान खेल मंत्री रेखा आर्या भी मौजूद रही। शुक्रवार को होने वाले समापन समारोह की तैयारी के चलते कलाकार श्वेता माहरा ने भी साथियों के साथ रिहर्सल किया। परिवहन विभाग ने वीवीआईपी के लिए स्टेडियम के 1.3 किलोमीटर के दायरे में छह पार्किंग स्थल बनाए हैं। इनमें से पहली पार्किंग नंबर एक नवाबखेड़ा में है, जो कार्यक्रम स्थल से 1.30 किलोमीटर दूर है। वहां 250 कार खड़ी होंगी। पार्किंग नंबर दो 850 मीटर दूर देवी मंदिर है, जहां 120 कारें खड़ी होंगी। इसी प्रकार 700 मीटर दूर पार्किंग नंबर तीन (पेट्रोल पंप परिसर) में 350 कारें, 350 मीटर दूर 50-50 मार्ट में 100 कारें, पार्किंग-पांच (जू डायरेक्टर आफिस), जो 70 मीटर दूर है, यहां 80 कारें खड़ी होंगी। पार्किंग नंबर छह 350 मीटर दूर आईएसबीटी पर रहेगी, वहां 250 कारों की क्षमता है।

## फर्जी पत्र जारी कर पेंशन निधि के खाते से 19-46 लाख की हेराफेरी का आरोप

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

फर्जी पत्र जारी कर दो व्यक्तियों ने पेंशन निधि के खाते से की 19-46 लाख की हेराफेरी कर ली गई। जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर आयुक्त कार्यालय के प्रमुख सहायक लेखाकार प्रशांत जौहरी की ओर से दोनों आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया गया है।

जिसमें कहा गया है कि कार्यालय जिलाधिकारी प्राप्त संयुक्त जांच रिपोर्ट के आधार पर अवगत कराया गया है कि रामकिशोर पुत्र बनवारी एंव संतलाल पुत्र हुकुम द्वारा फर्जी पत्र जारी कर जिलाधिकारी कार्यालय के अधीन अकेन्द्रीयित पेंशन निधि खाते से पैसों के लेन देन में लगभग

**आरोप**
- डीएम के निर्देश पर एमएनए ने दर्ज कराई पुलिस में रिपोर्ट

19,46,527-00 रूपये की हेराफेरी की गयी है। जिसके क्रम में जिलाधिकारी ने दोनों व्यक्तियों के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के सम्बंध में नगर आयुक्त नगर निगम रूद्रपुर को अधिकृत किया गया है। नगर आयुक्त, नगर निगम रूद्रपुर ने डीएम के निर्देश पर रामकिशोर पुत्र बनवारी एवं संतलाल पुत्र हुकुम चन्द के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। एसएसआई ललित मोहन रावल ने बताया कि नगर आयुक्त की तहरीर पर दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### आग में धू-धू कर जला वन पंचायत पाटिया का जंगल

**अल्मोड़ा।** ताकुला विकासखंड के वन पंचायत पाटिया के जंगल में आग धधक गई। हवा चलने पर आग पूरे जंगल में सुलग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। सूचना मिलने पर फायर फाइटर्स मौके पर पहुंचे। करीब पांच घंटे से अधिक समय बाद आग पर काबू पाया जा सका।

बीते रोज वन पंचायत पाटिया के जंगल में अराजक तत्वों ने आग लगा दी। हवा के झोंके से आग तेजी से पूरे जंगल में फैल गई। ग्रामीणों के घास के लुट्टे जल गए। इस दौरान हंस फाउंडेशन के कार्यकर्ता दूसरे गांव में क्षेत्र भ्रमण पर थे। पाटिया के जंगल से धुआं उठते देखा तो इसकी तत्काल सूचना फायर फाइटर्स को दी गई।

## खेल मंत्री रेखा पहुंची 46वीं पीएसी खिलाड़ियों को किया सम्मानित

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

खेल, युवा कल्याण ज् एवं महिला सशक्तिकरण मंत्री श्रीमती रेखा आर्या ने 46वीं पीएसी पहुँचकर ट्रैप शूटिंग प्रतियोगिता के महिला वर्ग में पंजाब की स्वर्ण पदक विजेता गनीमत सेखों, उत्तर प्रदेश की रजत पदक विजेता अरीबा खान एवं हरियाणा की रायजा ढिल्लों को मैडल पहना कर सम्मानित किया। उन्होंने विजेताओं को उनकी जीत की बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसी क्रम में पुरूष वर्ग की प्रतियोगिता में राजस्थान के स्वर्ण पदक विजेता अनन्तजित सिंह, छत्तीसगढ़ के रजत पदक विजेता परमपाल सिंह एवं





पंजाब के भवतेग सिंह गिल को जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की ने मैडल पहनाकर विजेताओं को सम्मानित किया।

### हादसे में घायल को लेकर मुकदमा दर्ज

**हल्द्वानी।** तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने स्कूटी सवार भाई बहन की स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी जिससे स्कूटी में सवार बहन गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे उपचार के लिए निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया और ट्रक चालक के खिलाफ भाई ने टिहरी सौंप कर कार्रवाई की मांग की है सौंपी तहरीर में टैली डाल नैनीताल निवासी प्रदीप कुमार ने कहा कि वह 2 जनवरी को अपनी बहन के साथ स्कूटी में सवार होकर हल्द्वानी से लालकुआं की ओर जा रहा था तभी तेज गति से आ रहे हैं एक ट्रक ने उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे उसकी बहन कोमल गंभीर रूप से घायल हो गई स्थानीय लोगों की मदद से उसे उपचार के लिए निजी चिकित्सालय भर्ती कराया जहां उसके हाथ और पैर की सर्जरी की गई पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में कल पहुंचेंगे गृहमंत्री शाह

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

कुमाऊं का प्रवेश द्वार हल्द्वानी में 38वें राष्ट्रीय खेल के समापन के मौके पर शहर के चौक-चौराहों को सजाया जा रहा है। राष्ट्रीय खेलों का समापन हल्द्वानी के अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में 14 फरवरी को होने जा रहा है। समापन की मौके पर देश के गृहमंत्री अमित शाह हल्द्वानी के अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम पहुंचेंगे। ऐसे में गृहमंत्री के स्वागत के लिए शहर को सजाया गया है।

राष्ट्रीय खेलों को देखते हुए जिला प्रशासन ने पूर्व में हल्द्वानी के सड़कों का चौड़ीकरण कार्य भी किया था. सड़कों के चौड़ीकरण के बाद जिला प्रशासन द्वारा सड़कों के दोनों ओर दीवारों को सजाया गया है. जिससे शहर की सड़कें खूबसूरत दिख सके. यही नहीं काठगोदाम कुमाऊं का प्रवेश



द्वार है। यही से सैलानी हिल स्टेशनों का रुख करते हैं और सैलानी दीवारों पर उकेरी आकृतियों से देवभूमि की संस्कृति से भी रूबरू होंगे।कुमाऊं के प्रवेश द्वार काठगोदाम के नरीमन चौराहे की पहचान अब पहाड़ की छोलिया नृत्य और कलाकारों की मूर्तियों से की जाएगी. जहां चौराहे के बीचों-बीच कुमाऊं की पहचान छोलिया नृत्य और कलाकारों की मूर्ति से सजाया गया है. चौराहे पर पर एक चबूतरा बनाया गया है, जिस पर मूर्ति में छोलिया नृत्य और कलाकारों की ढोल, दमाऊ के साथ नृत्य करते हुए पांच कलाकारों की मूर्तियां दिखाई गई हैं. इसके अलावा शहर के नैनीताल रोड की दीवारों को उत्तराखंड की कला और संस्कृति से सजाया गया है।

# विशेष गोल्डन जम्बूरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



भारत स्काउट एवं गाइड के राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा 28 जनवरी से 3 फरवरी तक तिरुचिनापल्ली (तमिलनाडु) में विशेष गोल्डन जम्बूरी का आयोजन किया गया जिसमें उत्तराखंड राज्य के दल ने प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट बीरेन्द्र सिंह बिष्ट एवं प्रादेशिक संगठन आयुक्त गाइड अंजलि चंदोला के नेतृत्व में प्रतिभाग कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

नैनीताल जनपद से जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) चंद्र लाल के नेतृत्व में स्काउट दल द्वारा प्रतिभाग किया गया जबकि जनपद से (गाइड) का नेतृत्व वरिष्ठ गाइडर एवं ओखलकांडा की ब्लॉक सचिव सुशीला जोशी द्वारा किया गया। नैनीताल से ओपन ग्रुप के प्रतिभागियों द्वारा वरिष्ठ गाइडर दीपा पांडे के नेतृत्व में प्रतिभाग किया गया। जनपद नैनीताल के जिला स्काउट मास्टर कमलेश सती, तेज पाल सिंह गंगवार तथा विजय बहादुर सिंह द्वारा राष्ट्रीय स्टाफ के रूप में योगदान दिया गया। जिले के दल द्वारा प्रत्येक गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग कर लौटने पर जिला मुख्यआयुक्त एवं मुख्य शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षाधिकारी माध्यमिक/ बेसिक व सभी ब्लॉकों के खंड शिक्षाधिकारियों सहित जिला आयुक्त गाइड हेमलता जोशी, जिला सचिव आर. एस. जीना, जिला संगठन आयुक्त सीमा सेन, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट महेंद्र सिंह सैनी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड पुष्पा दर्मवाल सहित विभिन्न ब्लॉक सचिवों, प्रधानाचार्यों तथा स्काउट मास्टर्स तथा गाइड कैप्टन सहित इन्नोवेटिव ओपन ग्रुप के पदाधिकारियों द्वारा बधाई देते हुए विभिन्न विद्यालयों में स्काउट गाइड का भव्य स्वागत किया गया। उत्तराखण्ड के स्काउट गाइड द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करते हुए देवभूमि उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं के तहत कैंप क्राफ्ट स्काउट, स्काउट स्टेट गेट,पायनियरिंग प्रोजेक्ट,गाइड रंगोली, कैंप क्राफ्ट स्काउट, स्किल ओ रामा, पीजेण्ट शो, फैशन शो, फ ोक डांस तथा फूड प्लाजा में राज्य को ए ग्रेड मिला तथा गाइड स्टेट गेटए गाइड कैम्प क्राफ्ट, बैण्ड प्रदर्शन तथा फि जिकल डिस्प्ले, मार्च पास्ट कलर पार्टी तथा स्टेट एग्जिबिशन में राज्य ने बी ग्रेड प्राप्त करने में कामयाबी हासिल की। जंबूरी में भारतवर्ष के लगभग 25 हजार स्काउट गाइडों सहित मलेशिया, जापान, श्रीलंका, नेपाल व सऊदी अरब और बंग्लादेश के लगभग 100 स्काउट्स और गाइड्स ने प्रतिभाग किया।



# रामनगर में विधिक साक्षरता एवं जगरुकता शिविर का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल सुबीर कुमार के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल बीनू गुलयानी द्वारा तहसील परिसर रामनगर में विधिक साक्षरता एवं जगरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल द्वारा नालसा गरीबी उन्मूलन का प्रभावी कार्यान्वन योजना 2015,महिला प्रतिकार योजना 2020 ,पोक्सो अधिनियम, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम निषेध और निवारण अधिनियम 2013,नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्य, साइबर अपराध एवं डिजिटल गिरफ्तारी ,नालसा वरिष्ठ नागरिकों के लिए कानूनी सेवा योजना 2016 ,सामाजिक आर्थिक रूप से पिछड़े व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं ,नशीली दावों के दुरुपयोग के संबंध में युवा पीढ़ी के लिए विशेष कानूनी जागरूकता कार्यक्रम ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विषयों पर विस्तार पूर्ण जानकारी दी गई। शिविर में संस्थान के आदरणीय प्राचार्य,शिक्षकगण एवं प्रशिक्षु शिक्षकगण छात्र-छात्रा उपस्थित । कार्यक्रम का संचालन अधिकार मित्र मो रफी द्वारा किया गया।

# नंदा देवी राष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट करवाने की योजना

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

क्रिकेट एसोसिएशन आफ उत्तराखंड के सचिव महिम वर्मा ने कहा कि क्रिकेट के क्षेत्र में उत्तराखंड की प्रतिभाएं राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने में सफलता की सीढियां चढ़ रही हैं।

कहा कि आगामी 21 मार्च (शुक्रवार) से होने जा रहे आईपीएल में उत्तराखंड के तीन खिलाडियों का शामिल होना बड़े गौरव की बात है। इनके अलावा महिला आइपीएल लीग में प्रदेश की चार खिलाड़ी शामिल होंगी। प्रदेश के क्रिकेट को अलग पहचान बनाने की दिशा में संगठन नंदा देवी राष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट करवाने की योजना बना चुका है। टूर्नामेंट का प्रस्ताव शीघ्र ही भेज दिया जाएगा। इस टूर्नामेंट से उत्तराखंड ही नहीं बल्कि देशभर के प्रतिभावान खिलाडियों को उभरने का अवसर मिलेगा। टूर्नामेंट का प्रस्ताव अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी गौलपार स्टेडियम को लेकर मांग करते आ रहे हैं। यदि उन्हें स्टेडियम मिल जाए तो प्रदेश के क्रिकेट को बुलंदियों पर पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन की नैनीताल में हुई वार्षिक सामान्य बैठक में वित्तीय लेखा जोखा प्रस्तुत किया। बैठक में अध्यक्ष गिरीश गोयाल समेत मानस मिंगवाल, सुरेश सोनियाल व संतोष गैरोला समेत संगठन के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## ड्रीम इलेवन व मक्कार स्पोर्ट्स के बीच फाइनल

**नैनीताल।** नगर के डीएसए मैदान में मक्कार स्पोर्ट्स ग्रुप की ओर से आयोजित विकास जोशी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत बुधवार को दो प्री क्वाटर फाइनल मुकाबले खेले गए। इसके तहत पहला मुकाबला ड्रीम इलेवन और माउंटेन क्रिकेटर्स के बीच खेला गया, जिसमें ड्रीम इलेवन की टीम ने मुकाबला जीता वहीं दूसरा मुकाबला मक्कार स्पोर्ट्स और ओल्ड बॉयज के बीच खेला गया जिसमें मक्कार स्पोर्ट्स की टीम ने जीत दर्ज की। आयोजक मंडल ने बताया कि गुरुवार (आज) से क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।

## NEWS / फटाफट

### आजको मनाया जायेगा शब ए बारात

**नैनीताल ।** मुहर्रम कमेटी के अध्यक्ष नाजिम बक्श के मुताबिक मुस्लिम कैलंडर के हिसाब से 14 शाबान को शब ए बारात मनाई जाती हैं लेकिन इस बार यह त्यौहार 13 फरवरी (आज)को मनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि इबादत,तिलावत और शाखावत के (दान पूर्ण) के इस त्योहार में मस्जिदों और कब्रस्तानों को खास तरीके से सजाया जाता है। शब ए बारात की रात यानि 15 शाबान को लोग रात भर इबादत करते हैं और मस्जिदों में नफ ील नमाज अदा करते हैं और फि र कब्रस्तान में जाकर अपने अजीज लोगो की कब्र में उनकी मगफि रत के लिए दुआ करते हैं और 15 शाबान को रोजा रखते हैं और कई जगह जलसो का भी आयोजन किया जाता हैं और फर्ज नमाज से पहले दुआ करके रोजा रखते हैं और इसी रात को अल्लाह ताला अपने बन्दों का पिछले साल का नामो आमाल (लेखा जोखा) और आने वाले साल की तकदीर तय करता हैं। इसी रात को शब ए बारात कहते हैं और इसी रात को शब ए कद्र की रात भी कहा जाता है। मुहर्रम कमेटी के अध्यक्ष नाजिम बक्श ने नौजवानों से खास गुजारिश की है कि वह इबादत की इस रात को शांति के साथ मनाए और जायदा से जायदा इबादत करें।

### एडीजी वी मुरुगेशन सुरक्षा तैयारियों का जायजा लेंगे

**नैनीताल ।** उत्तराखंड में हो रहे 38वेंराष्ट्रीय खेलों के समापन कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर पुलिस विभाग तैयारियों में जुटा हुआ है। सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर एडीजी वी मुरुगेशन नैनीताल पहुंच चुके हैं। गुरूवार (आज) को वह हल्द्वानी जाकर सुरक्षा व्यवस्थाओं व तैयारियों का जायजा लेंगे। उन्होंने कहा कि वीआईपी कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी, जिसके लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। बुधवार को अपराध एवं कानून व्यवस्था एडीजी वी मुरुगेशन नैनीताल पहुंचे। यहां पहुंचने पर पुलिस की टुकड़ी ने उन्हें सलामी दी,बाद में पत्रकारों से रुबरु होते हुए उन्होंने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के समापन कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरणों में है। गृह मंत्री के आगमन के कारण यातायात व कानून व्यवस्था बनाये रखने को प्लान तैयार कर लिया गया है। कहा कि प्रदेश भर से पुलिस पर्याप्त पीएसी कर्मी समारोह कार्यक्रम में तैनात रहेंगे। गुरूवार (आज) को वह हल्द्वानी जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। प्रदेश में पुलिस कर्मियों की कमी के सवाल पर उन्होने कहा कि कर्मियों की भर्ती को लेकर मुख्यालय स्तर पर प्रक्रिया गतिमान है।

### सड़क हादसे में नुकसान की भरपाई की मांग

**नैनीताल ।** नगर के बारापत्थर क्षेत्र में बीते नौ फरवरी को हुए सडक़ हादसे का मामला तीन दिन बाद अब मल्लीताल स्थित कोतवाली में पहुंच गया है। बाइक चालक ने कार चालक पर नुकसान की भरपाई न करने पर कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि भीमताल निवासी देवेंद्र सिंह ने तहरीर देकर कहा है कि बीते नौ फरवरी को वह अपनी बाइक से कार्यालयी काम से अधौड़ा जा रहा था। इस बीच उसके साथ उसका सहकर्मी भी सवार था। धामपुर बैंड के समीप विपरित दिशा से आ रही कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, हालांकि चोटिल होने पर कार चालक उसे व सहकर्मी को जिला अस्पताल लेकर गए। जहां उन्होंने बाइक में हुए नुकसान की भी भरपाई करने का आश्वासन दिया। आरोप है कि जब उन्होंने हल्द्वानी में क्षतिग्रस्त बाइक की मरम्मत कराई तो कार चालक भरपाई की रकम देने में आनाकानी करने लगा। मामले में कोतवाली में तैनात एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि शिकायत पर संबंधित कार चालक को कोतवाली बुलाया गया,बाद में दोनों पक्षों में आपसी रजामंदी से समझौता हो गया।

### सार्वजनिक स्थलों में नशा करने वालों के विरुद्ध अभियान

**नैनीताल ।** नगर की कोतवाली पुलिस ने सार्वजनिक स्थलों में शराब पीने के साथ ही पिलाने वालों के विरुद्ध अभियान छेड़ दिया है। पुलिस ने बुधवार को ऐसे 22 लोगों के विरुद्ध पुलिस एक्ट में चालानी कार्रवाई की है। बता दें कि बुधवार को एसएसआई दीपक बिष्ट ने गाड़ी पड़ाव, मेट्रोपोल समेत सूखाताल तथा अंडा मार्केट क्षेत्र के रेस्टोरेंट व सुनसान स्थलों में छापेमारी की। इस बीच सार्वजनिक स्थलों पर कई लोग खुलेआम जाम टकराते मिले। जिस पर पुलिस ने रेस्टोरेंट संचालकों को कड़ी फटकार लगाकर कानूनी कार्रवाई की। दीपक बिष्ट ने बताया कि सार्वजनिक स्थलों में शराब पीने व पिलाने पर 22 लोगों के विरुद्ध पुलिस एक्ट में चालानी कार्रवाई की गई। टीम का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# मांगों को लेकर आज से होगा कार्य बहिष्कार आंदोलन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

**विरोध**

- प्रांतीय कार्यकारिणी के निर्देशानुसार कार्रवाई अमल में लाएंगे
- वन आरक्षियों की लंबित मांगों को लेकर विरोध

उत्तराखंड वन बीट अधिकारी/वन आरक्षी संघ वन विभाग (शाखा दक्षिणी कुमाऊं वृत्त,नैनीताल) के अध्यक्ष अतुल कुमार व सचिव रमेश बिष्ट ने बताया कि वन आरक्षियों की लंबित मांगों को लेकर 13 फरवरी (आज) से कार्य बहिष्कार आंदोलन शुरु होगा।

संघ के दोनों पदाधिकारियों के मुताबिक पूर्व में संघ के बैनर तले कर्मचारियों की ओर से बाहों में काले फीते बांधकर विरोध प्रदर्शन किया गया था लेकिन उनकी मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी जिसकी वजह से अब कर्मचारियों को आंदोलन तेज करना पड़ रहा है। पदाधिकारियों ने दक्षिणी कुमाऊं वृत्त के सभी प्रभागीय पदाधिकारियों व सदस्यों गुजारिश की है कि वह आंदोलन के दूसरे चरण में गुरुवार (आज) से कार्य बहिष्कार के बाद सुबह 10 बजे से धरना प्रदर्शन हेतु नैनीताल के वन संरक्षक कार्यालय, फेयरी हाल तल्लीताल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं जिससे समय पर आंदोलन को शुरु किया जा सके।

पदाधिकारियों के मुताबिक अगर धरना प्रदर्शन के दौरान कोई भी वन आरक्षी साथी कार्य क्षेत्र में कार्य करता पाया गया तो वह उसके लिए स्वयं जिम्मेदार होगा तथा उस पर प्रांतीय कार्यकारिणी के दिए गये निर्देशानुसार कठोर कार्रवाई अमल में लायी जाएगी।

# नशे की लत ने बनाया अपराधी फिर हुआ साथियों का शिकार

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



थाना पुलभट्टा पुलिस ने बंटी गोस्वामी हत्याकांड का खुलासा करते हुए तीनों हत्यारोपी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त पाटल भी बरामद किया है। घटना का खुलासा एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने किया। एसएसपी ने बताया कि मृतक बंटी की पत्नी गुड्डी

ग्राम सतुईया ने थाना पुलभट्टा पुलिस को तहरीर दी पति बंटी 9 फरवरी 2025 को शाम लगभग 8 बजे से गुम है। काफी तलाश किया गया, मगर कोई पता नही चल रहा है। उन्होंने बताया कि तहरीर पर मामला पंजीकृत कर जाँच एसआई धीरज वर्मा को दी गई। सीओ सितारगंज के निर्देशन में थानाध्यक्ष पुलभट्टा के नेतृत्व मे एक टीम का गठन किया गया। टीम ने पूछताछ को विपिन पुत्र रामबाबू ग्राम सतुईया पुलभट्टा,विशाल उर्फ वियेश पुत्र शिव दयाल, सूरज पुत्र शंकर लाल ग्राम सतुईया को हिरासत में लिया। एसएसपी ने बताया कि पूछताछ के बाद पुलिस ने तीनों की निशादेही पर बंटी का शव एक खंडर से बरामद किया और घटना मे प्रयुक्त पाटल व मृतक का मोबाईल बरामद किया। एसएसपी ने बताया कि पूछताछ मे तीनों ने बताया चारों अच्छे दोस्त थे और नशा करने के आदी थे। चारों मिलकर अक्सर छोटी चोरियां,झपटमारी करते थे। उन पैसों से नशा करते रहते थे। कुछ दिन पहले भी चारों ने एक चलती गाडी से चावल का कट्टा चोरी किया था जिसे बेचकर 2500 रुपये मिले थे और वह 2500 रुपये सभी में बराबर बंटना था। लेकिन बंटी ने वो चावल का कट्टा बेचकर रुपये खुद रख लिये थे ,उनमें से कुछ नहीं दिया। बंटी से पैसे मांगे तो बंटी ने दबंगई दिखाते हुए पैसे देने से मना कर दिया। एसएसपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान तीनों बताया कि तभी हम तीनों ने बंटी को ठिकाने लगाने का प्लान बनाया और 9 फरवरी शाम लगभग 8 बजे बंटी को नशा करने के लिए इन्द्रजीत के फार्म के पीछे सूनसान खंडहर वाले कमरे में ले गये। वहां चारो ने स्मैक,शराब का नशा किया। पैसे बंटी से मांगें तो पहले की तरह ही पैसे देने से मना कर दिया।तीनों के साथ गाली-गलौच करने लगा। बाद में पाटल से ताबडतोड बंटी की शरीर पर से कई प्रहार किए। कुछ देर में बंटी की मृत्यु हो गई। बंटी की तलाशी ली तो उसकी पैन्ट की जेब से एक मोबाइल मिला। मोबाइल कमरे के बाहर केले के पेड के नीचे फेंक दिया और पाटल भी वहीं पर झाडियों में छिपा दिया। तीनों का अपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। पुलिस टीम थानाध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, चौकी प्रभारी बरा पंकज कुमार,एसआई धीरज वर्मा, एएसआई प्रकाश चन्द,हेड कांस्टेबल फिरोज खान, धरमवीर सिह, चारू पन्त आदि शामिल रहे।

# अभिमत

## देवभूमि में बाहुबल

*हाईकोर्ट द्वारा स्वतः संज्ञान लेना मामले की गंभीरता का प्रमाण है। हाईकोर्ट ने जिलाधिकारी व एसएसपी को निर्देश दिये हैं। राज्य सरकार ने तत्काल इस मामले में कोई कदम नहीं उठाया और सरकार अनदेखी करेगी तो राज्य के अन्य क्षेत्रों में भी राजनीति में बाहुबल को बढ़ावा मिलेगा। योगी आदित्यनाथ का अनुसरण करते हुए बाहुबली नेताओं के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उत्तराखंड में चुनाव जीतने के लिए कुछ दशक पहले धनबल का सहारा नहीं लिया जाता था, लेकिन अब निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित खर्च में किसी भी प्रत्याशी का विजयी होना असंभव है, तो धनबल से चुनाव जीते जा रहे हैं।*

उत्तराखंड में हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान से कई जनहित के फैसले किये हैं। पूर्व विधायक प्रणव सिंह चैंपियन और निर्दलीय विधायक उमेश कुमार के बीच घमासान पर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया और दो टूक शब्दों में सराहनीय तथा सख्त निर्देश दिये हैं। हाईकोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है कि देवभूमि में बाहुबली प्रदर्शन शर्मनाक तथा अक्षम्य है। हरिद्वार के जिलाधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिये कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। पूर्व विधायक चैंपियन द्वारा गोलीबारी, गाली-गलौज और खानपुर विधायक उमेश कुमार के हथियार लहराने के वीडियो राष्ट्रीय न्यूज चैनल व अखबारों की सुर्खियां बने हैं। हाईकोर्ट ने इस मामले को लेकर देवभूमि उत्तराखंड की छवि पर चिंता जाहिर की है। सच यह है कि उत्तराखंड को देवभूमि इसी लिए कहा जाता है कि यहां के लोग राक्षसी और अपराधी प्रवृत्ति के नहीं माने जाते हैं। राजनीति पर बाहुबल और धनबल का कलंक लगता रहा है। उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा तथा कुछ अन्य राज्यों में बाहुबली राजनीति में हावी हुए। सियासी रंजिश को लेकर हत्याएं हुई हैं। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई बाहुबली नेताओं को मौत के घाट उतरवा दिया, उनकी सम्पत्ति पर बुलडोजर चलवाया। बहुत से बाहुबली दलबदल करके सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल हो गये हैं। चुनाव में हिंसा की घटनाएं उत्तराखंड में नगण्य हैं। कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन का विवादों से पुराना रिश्ता रहा है। पिस्टल लेकर डांस करने का चैंपियन का वीडियो काफी चर्चित रहा था। उमेश कुमार भी कई बार विवादित बयान को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। चुनाव के दौरान इन दोनों नेताओं के क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरती जाती है, परन्तु अब तो चुनाव नहीं हो रहे हैं। हाईकोर्ट द्वारा स्वतः संज्ञान लेना मामले की गंभीरता का प्रमाण है। हाईकोर्ट ने जिलाधिकारी व एसएसपी को निर्देश दिये हैं। राज्य सरकार ने तत्काल इस मामले में कोई कदम नहीं उठाया और सरकार अनदेखी करेगी तो राज्य के अन्य क्षेत्रों में भी राजनीति में बाहुबल को बढ़ावा मिलेगा। योगी आदित्यनाथ का अनुसरण करते हुए बाहुबली नेताओं के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उत्तराखंड में चुनाव जीतने के लिए कुछ दशक पहले धनबल का सहारा नहीं लिया जाता था, लेकिन अब निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित खर्च में किसी भी प्रत्याशी का विजयी होना असंभव है, तो धन के बल पर चुनाव जीते जा रहे हैं।

# कर्मचारी के हित को लेकर बैठक आयोजित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे ने जनपद नैनीताल के भ्रमण के तहत नैनीताल में हुई बैठक में कहा कि प्रदेश के राज्य कर्मचारियों के हित के लिए राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने सदैव अग्रणी भूमिका निभाई है तथा किसी भी कर्मचारी के हितों पर यदि कुठाराघात किया गया तो परिषद द्वारा इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। परिषद के जिलाध्यक्ष असलम अली ने बताया कि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे द्वारा देहरादून में 22 फरवरी (शनिवार) को होने वाले अधिवेशन को व्यापक एवं सफ ल बनाने के उद्देश्य से जनपद नैनीताल का भ्रमण कर जनपद की कार्यकारिणी एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों के साथ अहम बैठक नैनीताल क्लब प्रांगण में की गई। बैठक से पूर्व जनपदीय कार्यकारिणी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष पांडे का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन पुष्प कुछ एवं माल्यार्पण के द्वारा किया गया।

बैठक में पांडे ने कहा कि 22 फ रवरी (शनिवार) को परिषद का अधिवेशन भव्य एवं ऐतिहासिक होगा तथा अधिवेशन में कर्मचारियों से जुड़ी मांगों पर भी अधिवेशन के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा सकारात्मक घोषणा की जा सकती है। उन्होंने गोल्डन कार्ड योजना पर हो रही विसंगतियों के निदान के लिए यथाशीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन भी दिया।

बैठक में परिषद जनपदीय संरक्षक बहादुर सिंह बिष्ट ने कहा कि परिषद का इतिहास हमेशा गौरवशाली रहा है। परिषद के द्वारा सेवानिवृत हो चुके सदस्यों के हितों तथा कर्मचारियों की एसीपी सहित अन्य प्रमुख मांगों पर भी व्यापक कार्रवाई एवं समीक्षा की जानी चाहिए। बैठक में कुमाऊं विश्वविद्यालय एवं परिषद के दीपक सिंह बिष्ट, नवल किशोर बिनवाल, पर्यटन विभाग के महामंत्री एवं परिषद के संगठन मंत्री प्रताप सिंह मनराल समेत आनंद सिंह बिष्ट, एनसीसी विभाग से गणेश सिंह नयाल, कमल चंद जोशी समेत जिला पंचायत के संगठन मंत्री गोविंद सिंह बिष्ट, उद्यान विभाग से कमल जोशी, जैत राम, भूपाल सिंह बिष्ट, आनंद सिंह जलाल, एन. डी. भट्ट, सत्य प्रकाश तथा आनंद पाण्डेय, राजेंद्र प्रसाद टम्टा तथा दिनेश जोशी सहित कई कर्मचारी प्रतिनिधि उपस्थित थे। संचालन परिषद के जिलाध्यक्ष असलम अली ने किया।

## दूरभाष पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए

**हल्द्वानी।** पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री को नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने आज हल्द्वानी स्थित बच्ची नगर में अपने आवास में विभिन्न विधानसभाओं से आए लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को दूरभाष पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

हल्द्वानी के बच्ची नगर स्थित आवास में भट्ट ने नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र के विभिन्न विधानसभाओं से आए जनप्रतिनिधियों सामाजिक संगठनों के लोगों व आम जनता से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना इस दौरान सड़क, बिजली, पानी, चिकित्सा, शिक्षा सहित विभिन्न समस्याओं से लोगों ने अवगत कराया जिस पर श्री भट्ट ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही दूरभाष पर निर्देशित करते हुए समस्याओं के समाधान करने के निर्देश दिए।

# 38 वें राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह के समापन को तैयारियां हुई तेज

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

38 वें राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह जो अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार हल्द्वानी में सम्पन्न होने जा रहा हैं को भव्यता एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न कराए जाने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां तेजी से चल रही है। जिलाधिकारी वंदना ने बुधवार देर रात तक तिकोनिया से नरिमन गौलापार स्टेडियम कार्यक्रम स्थल तक समापन समारोह हेतु की जा रही विभिन्न व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने मार्ग में विभिन्न स्थानों में मुख्य अतिथि के स्वागत में होने वाले विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु मंच आदि निर्माण कार्यों के संबंध में नगर आयुक्त से आवश्यक जानकारी ली। इस दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह का सजीव प्रसारण अधिक से अधिक लोग देख सकें इस हेतु नगर के विभिन्न स्थानों में जो एलईडी स्क्रीन लगाई जा रही हैं वह समय पर लग जाय। इस दौरान जिलाधिकारी ने मार्ग में मुख्य अतिथि के स्वागत में लगाई जा रही होर्डिंग्स व अन्य प्रचार प्रसार सामग्री का भी निरीक्षण करते हुए सम्बधितों को आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गौलापार में आगंतुकों के वाहनों हेतु बनाई गई पार्किंग स्थल का निरीक्षण कर स्थल में पेयजल,विद्युत व मोबाइल सौचालयों की पर्याप्त संख्या में स्थापना करते हुए इस व्यवस्था हेतु तैनात सम्बधित नोडल अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए,जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल फुलबॉल मैदान में बनाए जा रहे मंच व दर्शक दीर्घा निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश इवेंट प्रबंधन को दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल में सुरक्षा के सभी इंतजाम किए जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की कमी व समस्या नहीं होनी चाहिए। इस संबंध में पूर्वाभ्यास कर लिया जाय।आगंतुकों के बैठने की उचित व्यवस्था हो। मंच में जो भी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं उनमें स्थानीय संस्कृति की भी झलक उनमें दिखे। इस दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न व्यवस्थाओं के नोडल अधिकारियों एवं इवेंट मैनेजमेंट के प्रतिनिधियों से समापन समारोह की विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। कहा कि समापन कार्यक्रम भव्य एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हो,इस हेतु किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी एफआर चौहान,नगर आयुक्त ऋचा सिंह,सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी, इवेंट मैनेजमेंट के प्रतिनिधि के साथ ही अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## फिल्मी दुनिया

# फिल्म किंग में नजर आएंगे शाहरुख खान



*इससे पहले साल 2018 में मार्वल के क्रिएटिव डेवलपमेंट के पूर्व वाइस प्रेसिडेंट स्टीफन वॉकर ने मार्वल प्रोजेक्ट में शाहरुख खान को शामिल करने को लेकर अपनी इच्छा जाहिर की थी। उन्होंने कहा था, अगर हम भारतीय कॉन्टेंट बनाते हैं तो हमें इसमें शाहरुख खान को रखना होगा। उन्हें इसमें होना ही चाहिए। इसके अलावा कई और विदेशी निर्माता शाहरुख की तारीफ कर चुके हैं। शाहरुख खान के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे फिल्म किंग में नजर आएंगे। इसें उनके साथ बेटी सुहाना भी बड़े परदे पर डेब्यू कर रही हैं। इसका निर्देशन सिद्धार्थ आनंद करेंगे। हाल ही में एंथनी मैकी ने एवेंजर्स के रूप में शाहरुख खान को देखने की इच्छा जाहिर की। उन्होंने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर केविन जिंगखाई के साथ एक इंटरव्यू में यह बात कही। दरअसल, मैकी से पूछा गया कि वे अगले एवेंजर के रूप में किस बॉलीवुड एक्टर को चुनना पसंद करेंगे? इस पर मैकी ने कहा, मुझे लगता है कि शाहरुख खान, वे सबसे अच्छे हैं! मैकी ने कहा, शाहरुख खान डैम बेस्ट हैं। इससे पहले भी कई हॉलीवुड निर्माता शाहरुख खान को लेने की इच्छा जाहिर कर चुके हैं।*

## एंथनी मैकी ने की शाहरुख की तारीफ

*शाहरुख खान की लोकप्रियता सिर्फ भारतीयों तक नहीं है, बल्कि दुनियाभर में उन्हें चाहने वाले हैं। हाल ही में हॉलीवुड एक्टर एंथनी मैकी ने किंग खान की तारीफ की है। वे उन्हें अगले एवेंजर के रूप में देखना चाहते हैं। मार्वल स्टूडियोज की आगामी फिल्म कैप्टन अमेरिका-ब्रेव न्यू वर्ल्ड रिलीज को तैयार है। यह 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में एंथनी मैकी लीड रोल में हैं। फिल्म में एक रेड हल्क कैप्टन अमेरिका से टक्कर लेगा। अपनी इस फिल्म पर चर्चा के दौरान हाल ही में एंथनी ने शाहरुख खान की तारीफ की है। दरअसल, उनसे पूछा गया कि वे बॉलीवुड से एवेंजर्स में किसे शामिल करना चाहेंगे?*

# प्रतिबंधित मांस के साथ आटो चालक गिरफ्तार किया

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक व्यक्ति को टेम्पो में 24-5 किलो प्रतिबंधित मांस ले जाते गिरफ्तार किया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के मुताबिक पुलिस चौकी प्रभारी रम्पुरा गणेश दत्त भट्ट चौकी प्रभारी रम्पुरा,एसआई प्रियांशु जोशी, कांस्टेबल ध्यान सिंह क्षेत्र में चैकिंग कर कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर टीम बिलासपुर मार्ग पर पहुंची। कुछ ही देर में ऑटो बिलासपुर की तरफ से आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने वाहन रोक कर चालक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता इमरान निवासी भदईपुरा बताया। ऑटो की तलाशी लेने पर पीछे डिक्की में रखे कट्टे में प्रतिबंधित मांस बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में इमरान ने बताया कि वह बिलासपुर से किसी व्यक्ति से खरीदकर लाया है इसे बेचने के लिये अपने मोहल्ले में ले जा रहा हूं। एसएसआई ललित मोहन रावल ने बताया कि पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करने के बाद बरामद प्रतिबंधित मांस कब्जे में लेकर इमरान को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। उन्होंने बताया कि बरामद प्रतिबंधित मांस 24.500 किलो था। उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।



News कॉर्नर

## डीएम ने ग्रीष्मकालीन धान के विकल्प के रूप में मक्का समेत अन्य फसलों को लेकर बैठक ली

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कैंप कार्यालय में ग्रीष्मकालीन धान के विकल्प के रूप में मक्का तथा अन्य फसलों के सम्बन्ध में बैठक ली। उन्होने कहा कि ग्रीष्मकालीन धान की खेती करने से भू-जल स्तर गिर रहा है एवं पर्यावरण को हो रहे नुकसान के दृष्टिगत ग्रीष्मकालीन धान के विकल्प के रूप ग्रीष्मकालीन मक्का खेती को प्रोत्साहित करने हेतु सभी उप जिलाधिकरी व खण्ड विकास अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण करें व किसानो तथा किसान संगठनों से वार्ता कर ग्रीष्मकालीन धान से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करें। उन्होने कहा कि जनपद के कई क्षेत्रों में भू-जल निचे गिर रहा है इसलिए सभी को भू-जल को बनाये रखने के लिए सभी को सहयोग करने की आवश्यकता है। उन्होंने उप जिलाधिकारियो को निर्देश दिये कि किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के विकल्प के रूप मक्का, गन्ना व अन्य फसलों की बुआई हेतु जगारूक व प्रेरित करने हेतु जनपद के सभी विकास खण्डों में गोष्ठियों का अयोजन किया जाये। बैठक में सीडीओ मनीष कुमार, डीडीओ सुशील मोहन डोभाल उपस्थित थे एवं वर्चुअल के माध्यम से मुख्य कृषि अधिकारी डॉ अभय सक्सेना व सभी उप जिलाधिकारी आदि जूड़े थे।

## पंप ऑपरेटरों ने बंद की हड़ताल

**अल्मोड़ा।** यहां पंप ऑपरेटरों की हड़ताल जल संस्थान के अधिशासी अभियंता से वार्ता के बाद खत्म हो गई है। अब चार दिन से ठप 36 गांवों को पेयजलापूर्ति बृहस्पतिवार से होने लगेगी। उल्लेखनीय है कि मानदेय भुगतान की मांग को लेकर पंप ऑपरेटर हड़ताल पर चले गए थे और इससे खीरोघाटी पंपिंग पेयजल योजना व टोढरा पंपिंग पेयजल योजना से संबद्ध तीन दर्जन गावों की पेयजलापूर्ति ठप हो गई थी और गांवों में पानी के लिए हाहाकार मच गया था।

# 38वें राष्ट्रीय खेलों की व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में हुई बैठक

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



38वें राष्ट्रीय खेलों के भव्य एवं ऐतिहासिक समापन की व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में प्रदेश की खेलमंत्री रेखा आर्या की अध्यक्षता में सर्किट हाउस काठगोदाम में बैठक सम्पन्न हुई। समापन समारोह की विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की, खेल मंत्री ने कहा कि सभी के सहयोग से हम राज्य राष्ट्रीय खेलों का सफलतापूर्वक आयोजन अभी तक करते आये हैं। समापन कार्यक्रम भी भव्य एव सफलतापूर्वक सम्पन्न हो इस लिए सभी भागीदारी व जिम्मेदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समापन समारोह में आगन्तुकों हेतु आवश्यक व्यवस्थायें यथा समय सुनिश्चित हों, इस हेतु उच्चाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों से खेल प्रेमी, महानुभाव जो 38 वे राष्ट्रीय खेलों के लिए आ रहे है उनके रात्रि में ठहरने हेतु उचित प्रबन्ध किये जांए। उन्होंने कहा उत्तराखण्ड में होने जा रहे समापन समारोह को ऐतिहासिक बनाना है इसके लिए सभी को सहयोग एवं भागीदारी की आवश्यकता है। कहा उत्तराखण्ड 38वें राष्ट्रीय खेलों मे 7वे पायदान पर है जो खुशी की बात है। समापन में उत्तराखण्ड के सभी पदक विजेताओं को समापन समारोह में आमंत्रित किया जा रहा है। बैठक में आयुक्त/सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह हेतु की जा रही विभिन्न तैयारियों से मा0 मंत्री को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को भव्य रूप से सम्पन्न कराये जाने हेतु विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। समापन समारोह स्थल में प्रतिभाग हेतु आमंत्रण पत्र का वितरण किया जा रहा है, जिसके माध्यम से ही प्रवेश होगा। उन्होंने कहा कि मुख्य अतिथि के स्वागत हेतु तिकोनियां से गौलापार स्टेडियम तक विभिन्न कार्यक्रमों आदि के माध्यम से मुख्य अतिथि का स्वागत किया जायेगा, नगर कि विभिन्न स्थानों में आम जनता हेतु कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हेतु एलईडी स्क्रीन लगाई जा रही है इसके अतिरिक्त आमंत्रित लोगों हेतु हल्द्वानी के विभिन्न स्थानों से शटल सेवा प्रारम्भ की गई है। बैठक मे जिलाधिकारी वंदना ने बताया कि 38वें राष्ट्रीय खेलों का समापन भव्य एवं ऐतिहासिक हो इसके लिए सभी अधिकारियों को दायित्व सौंपे गये हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि स्टेडियम के बाहर विभिन्न स्थानों पर 8 पार्किंग स्थल बनाये गये है जिसमें लगभग 2500 वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया लोगों को स्टेडियम तक लाने के लिए 350 शटल बस सेवा के द्वारा लोगों को विभिन्न स्थानो से लाया जायेगा। उन्होंने कहा वीआईपी, गणमान्य एवं मीडिया पास के द्वारा ही प्रवेश कर सकते हैं। बैठक में डीआईजी डा0 योगेन्द्र सिंह रावत, निदेशक खेल प्रशांत आर्य,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पीएन मीणा, मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पाण्डे, अपर जिलाधिकारी पीआर चौहान, इवेंट मैनेजमेंट के प्रतिनिधि के साथ ही सभी नोडल अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# ट्रकों की भिड़ंत से निकला आग का गोला, चालक की जिंदा जलने से मौत

**हल्द्वानी**

**संवाददाता**

दो वाहनों की टक्कर में एक चालक की मौत हो गई। भिड़ंत इतनी भीषण थी कि दोनों के टकराते ही आग का गोला निकला।

शिमला बाईपास रोड पर मटक माजरी तिराहा से आगे दो बड़े वाहनों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टकराते ही दोनों वाहनों में आग लग गई। इस दर्दनाक दुर्घटना में एक चालक की वाहन में जलने से मौत हो गई। सूचना पर चौकी कुल्हाल से मौके पर फोर्स पहुंची। तत्पश्चात फायर ब्रिगेड के माध्यम से आग पर काबू पाया गया । मौके पर पहुंची फोर्स ने वाहनों को चैक किया गया तो एक वाहन के चालक की वाहन में ही जल जाने से मौत हो गई। शव को 108 एंबुलेंस के माध्यम से तत्काल उप जिला चिकित्सालय विकास नगर भेजा गया। दोनों वाहनों के नंबरों से वाहन स्वामी की जानकारी प्राप्त कर घटना के



संबंध में अवगत कराया गया। मृतक चालक की शिनाख्त नाम पवन कुमार (40) पुत्र बाल किशन निवासी ग्राम कुंडीयो तहसील पोटा साहिब जिला सिरमौर हिमाचल प्रदेश के रूप में हुई। दूसरा वाहन डंपर का चालक मौके से फरार हो गया है। वाहन चालक के संबंध में जानकारी की जा रही है। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंचे। दोनों ही वाहनों को सुरक्षित सड़क किनारे खड़ा कर यातायात संचालित किया गया।

# नियमितीकरण को 222वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को शीघ्र जारी करने को लेकर राज्य में किया जा रहा अनूठा पौधरोपण आंदोलन बुधवार को 222वें दिन भी जारी रहा।

दूसरी ओर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी की अध्यक्षता में जनपद टिहरी की कार्यकारिणी के चुनाव गढ़वाल मंडल विकास निगम के पर्यटक आवास गृह ऋषिलोक में हुआ। सर्व सम्मति से पर्यटक आवास गृह ऋषिलोक के राजेंद्र को अध्यक्ष जबकि गंगा रिजॉर्ट के मनोज बिलजवाण को महामंत्री बनाया गया। पर्यटक आवास गृह ऋषिलोक के ही जयवीर सिंह रावत को कोषाध्यक्ष बनाया गया वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पर्यटक आवास गृह ऋषि लोक के भाव सिंह, राकेश पोखरियाल तथा चंपा देवी बनाई गई। उपाध्यक्ष पद पर चंदा देवी तथा लाखीराम भट्ट को दायित्व सौपा गया। सचिव पद की जिम्मेदारी कोटी कालोनी के इंद्रसेन, पर्यटक आवास गृह चंबा के मनवीर सिंह पुंडीर तथा गंगा रिसोर्ट के भगवान सिंह राणा को सौपी गयी । संगठन मंत्री पद पर गंगा रिसोर्ट के प्रताप सिंह चौहान, आवास गृह ऋषि लोक के राजेंद्र रावत चुने गए । प्रचार मंत्री के लिए गंगा रिसोर्ट के भगवान सिंह राणा तथा पर्यटक आवास गृह चंबा के नरेंद्र सिंह बडोनी बनाए गए। संयोजक पद के लिए पर्यटक आवास गृह ऋषिलोक के अभय राज बनाए गए। दिनेश गुरुरानी द्वारा नवनियुक्त कार्यकारिणी को हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ दिलाई गई। कार्यकारिणी के द्वारा ऋषिलोक पर्यटक आवास गृह परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महासंघ के महामंत्री विजय पुरोहित, संरक्षक सुरेश पवार, कार्यकारी अध्यक्ष जोगिंदर लाल, कार्यकारी अध्यक्ष संजय भट्ट ,उपाध्यक्ष अनिल जोशियाल व संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं मंडल विकास निगम के महामंत्री कंचन चंदोला समेत वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश कपकोटी, उपाध्यक्ष गौतम कुमार व पीतांबर दुमका, जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश भट्ट तथा नरेंद्र थापा सहित गढ़वाल मंडल विकास निगम के पूर्व प्रबंधक बृजेश पाठक उपस्थित रहे।

# कई सूचना अधिकारी व जिला सूचना अधिकारी इधर से ऊधर

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग उत्तराखंड के कई सूचना अधिकारियों/ जिला सूचना अधिकारियों को इधर से ऊधर स्थानान्तरित कर दिया गया है।

बता दें विभाग के महानिदेशक बंशीधर तिवारी के हस्ताक्षरों से जारी सूची के मुताबिक गिरिजा शंकर जोशी को जिला सूचना कार्यालय चंपावत से सूचना निदेशालय देहरादून,सम्बद्ध मीडिया सेंटर हल्द्वानी किया गया है। इसी क्रम में वीरेंद्र सिंह राणा को जिला सूचना कार्यालय पौडी गढ़वाल से प्रेस सूचना ब्यूरो मीडिया सेंटर सचिवालय देहरादून सूचना मुख्यालय में,ज्योति सुन्दरियाल को जिला सूचना कार्यालय नैनीताल से प्रेस सूचना ब्यूरो/मीडिया सेंटर सचिवालय देहरादून जबकि सूचना मुख्यालय के वीरेश्वर तोमर को सूचना निदेशालय देहरादून से जिला सूचना कार्यालय रुद्रप्रयाग स्थानान्तरित किया गया है। इसी तरह धीरज कार्की को सूचना निदेशालय देहरादून से जिला सूचना कार्यालय चंपावत, कुन्दन कुमार को सूचना निदेशालय देहरादून से उत्तराखंड राज्य सूचना केंद्र नई दिल्ली जबकि अनुज कुमार को सूचना निदेशालय देहरादून से जिला सूचना कार्यालय चमोली जबकि सत्यपाल सिंह को सूचना निदेशालय देहरादून से जिला सूचना कार्यालय अल्मोड़ा जबकि योगेश पोखरियाल को सूचना निदेशालय देहरादून से जिला सूचना कार्यालय पौड़ी गढ़वाल स्थानानंतरित किया गया है। इसी क्रम में द्रवनीता शर्मा को सूचना निदेशालय देहरादून से जिला सूचना कार्यालय टेहरी गढ़वाल जबकि प्रियंका जोशी को सूचना निदेशालय देहरादून से जिला सूचना कार्यालय नैनीताल, क्षितिज वर्मा को सूचना निदेशालय देहरादून से जिला सूचना कार्यालय बागेश्वर, कर्मवीर को सूचना निदेशालय देहरादून से जिला सूचना कार्यालय उत्तरकाशी जबकि संतोष चन्द को सूचना निदेशालय देहरादून से जिला सूचना कार्यालय पिथौरागढ़ स्थानान्तरित किया गया है।

## सेवानिवृत्त कर्मी ने पत्नी की धारदार हथियार से की हत्या

**काशीपुर।** जल संस्थान से सेवानिवृत्त कर्मचारी ने अपनी पत्नी की धारदार हथियार से हत्या कर दी। बेटे ने तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

काशीपुर में जल संस्थान से सेवानिवृत्त कर्मचारी ने अपनी पत्नी की धारदार हथियार से हत्या कर दी। बेटे ने तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

# अंतरराष्ट्रीय खेल का समापन जोरों पर

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय खेल का समापन गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा किया जाएगा इसके लिए पुलिस प्रशासन ने वाहन पार्क करने के लिए कई जगह को चिन्हित किया है अंतरराष्ट्रीय खेल के समापन के मौके पर 14 फरवरी को हल्द्वानी के अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम आ रहे हैं तो अपने वाहनों को यहां पार्ककर खेल का आनन्द ले.राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। परिवहन और पुलिस विभाग ने कुमाऊं के विभिन्न स्थानों से आने वाले वीआईपी और अन्य लोगों को वाहन पार्क करने के लिए 18 पार्किंग स्थल बना दिए हैं। इन निर्धारित स्थानों पर 2913 वाहन पार्क किए जाएंगे। कार्यक्रम के समापन के बाद लोग आसानी से अपने घरों को जा सकें इसके लिए भी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नवारखेड़ा में 1.3 किमी क्षेत्र में 250 कार पार्क किए जाएंगे। देवी मंदिर के पास 850 मीटर स्थल पर 120 कार, पेट्रोल पंप के पास 350 कार, फिफ्टी-फिफ्टी मार्ट के पास 100 कार, जू डॉयरेक्टर ऑफिस के पास 80 कार, प्रस्तावित आईएसबीटी से तीनपानी की ओर 250 कार पार्क किए जाएंगे। स्टेडियम के गेट नंबर एक के पास 230 कार, प्रैक्टिस पिच के पास 50 कार, गेट नंबर टू के पास 100 कार पार्क होंगी। आईएसबीटी के 300 मीटर क्षेत्र में 100 कार, 50 बाइकें पार्क की जाएंगी। शटल बस सेवा के लिए आईएसबीटी के पास 350 मीटर क्षेत्र में 25 बसें पार्क की जाएंगी। आरटीओ फिटनेस सेंटर के पास दो किमी क्षेत्र में 400बस, जू-पार्किंग में 350 कार, एमबी इंटर कॉलेज में 400 बस, इंटर कॉलेज काठगोदाम में 150 और ठंडी सड़क पर 20 बस पार्क की जाएंगी। एमबी इंटर कॉलेज के पास 10 बस, आरटीओ फिटनेस सेंटर के पास पांच बस, जू पार्किंग में पांच बसों को पार्क किया जाएगा। 10 इनोवा वीआईपी वाहनों को वीआईपी पार्किंग में पार्क किया जाएगा।

# पूर्व विधायक शुक्ला ने विद्युत अधिकारीयों के साथ बैठक कर स्मार्ट मीटर को लेकर चर्चा की

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता शेखर चंद्र त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता संजय तिवारी, उपखंड अधिकारी दिनेश गुरुरानी के साथ बैठक कर स्मार्ट मीटर को लेकर विस्तृत चर्चा की।

इस दौरान अधीक्षण अभियंता शेखर चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि स्मार्ट मीटर से सही रीडिंग एवं सटीक बिलिंग के साथ विद्युत बिलिंग पर बेहतर नियंत्रण रखने का काम करेगा। स्मार्ट मीटर के स्थापना के साथ प्रत्येक उपभोक्ता को मोबाइल ऐप उपलब्ध कराया जाएगा। जिसके माध्यम से उपभोक्ता हर घंटे अपनी विद्युत खपत को देख पाएगा। स्मार्ट



मीटर के स्थापना के उपरांत बिल की रीडिंग,बिल ऑनलाइन उपलब्ध हो जाएगा, मैन्युअल रीडिंग लेते समय गलत रीडिंग लेने पर अधिक धनराशि के गलत विद्युत बिल से उपभोक्ताओं को होने वाली समस्या समाप्त हो जाएगी। उन्होंने बताया कि खराब मीटर बदलवाने एवं गलत विद्युत बिल को सुधारने हेतु उपभोक्ता को विद्युत वितरण उपखंड कार्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। उपभोक्ता द्वारा घर से बाहर जाने पर भी उसके द्वारा घर पर होने वाली विद्युत खपत को मोबाइल ऐप के माध्यम से देखा जा सकता है। उपभोक्ता विद्युत खपत को देखकर आवश्यकता अनुसार अपनी विद्युत खपत पर नियंत्रण कर सकता है, उपभोक्ता को क्षेत्र में होने वाली विद्युत कटौती की सूचना भी पूर्व में मोबाइल ऐप के माध्यम से प्राप्त हो जाएगी।

पूर्व विधायक शुक्ला ने अधिकारियों से कहा कि क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर गोष्ठी आयोजित कर पहले जनता के भ्रम को दूर करते हुए उन्हें स्मार्ट मीटर से होने वाले फायदे को बताए तभी उन क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य करें। जिससे स्मार्ट मीटर को प्रीपेड मीटर बताकर राजनीतिक करने वाले लोगों की मंशा को जनता पहचान सके।

## बहन की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई

**हल्द्वानी।** एक युवक ने अपनी बहन की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाते हुए मुखानी थाना पुलिस को तहरीर सौंपी है। सोफी तहरीर में चोफूला चौराहा बिठौरिया नंबर 1 निवासी करन सिंह पुत्र राजेंद्र कुमार ने कहा है कि उसकी बहन 24 जनवरी की शाम करीब 8= बजे शुक्रवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार से सामान खरीदने की बात कह कर घर से निकली थी लेकिन जब से वह घर वापस नहीं आई किसकी काफी खोजबीन की इतना ही नहीं सभी रिश्तेदारों दोस्तों के यहां उसकी ढूंढ खोज की लेकिन उसका कहीं भी पता नहीं लगा इससे परिजनों को उसकी चिंता सताने लगी पीड़ित ने पुलिस से अपनी बहन की बरामदगी की गुहार लगाते हुए तहरीर सौंपी है। पुलिस ने गुमशुदगी की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।